खबरों की दुनिया

एक नजर

## डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने पत्नी अनीता साहू के साथ किया मतदान



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण के तहत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को धर्मपपत्नी अनीता साहू के साथ जयपुर शहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किया।

साहू ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दरी बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 25 के केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डीजीपी ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन विभाग के लाखों कर्मचारी कई महिनों से इस व्यवस्था में लगे है कि सभी मतदाता आराम से मतदान कर सके। ऐसे में सभी मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक रूप से मतदान करें।

## भगवान महावीर जयंती पर कुंडलपुर महोत्सव का उद्घाटन करेगें राज्यपाल

खबरों की दुनिया

**भीलवाड़ा।** भगवान महावीर की जन्म भूमि कुंडलपुर नालंदा बिहार में 2623 वें भगवान महावीर जयंती (जन्म कल्याणक) महामहोत्सव के अवसर पर साध्वी गणिनी प्रमुखा श्रीज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से, प्रज्ञा श्रमिणी आर्यिका रत्न श्रीचन्दनामती माताजी के मार्गदर्शन, पीठाधीश स्वस्ति श्रीरवींद्र कीर्ति स्वामी जी के सानिध्य में, कुंडलपुर महोत्सव का उद्घाटन महामहिम राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर राज्यपाल बिहार, प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन हस्तिनापुर के कुशल संचालन में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी 21 अप्रैल 2024 रविवार को नंद्यावर्त महल, कुंडलपुर(बिहार) में कुंडलपुर महोत्सव, महामस्तिकाभिषेक,विशाल रथ यात्रा का आयोजन रखा गया है। युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवन प्रकाश जैन जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर ने बताया कि भगवान महावीर ने मुख्य रूप से जियो और जीने दो का उपदेश दिया, भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा, सदाचार, सत्य ,अचैर्य,अपरिग्रह आदि सिद्धांतों पर मुख्य रूप से उपदेश दिया,पूज्य माता जी ने कहा कि भगवान महावीर जन -जन के थे, भगवान महावीर के अहिंसा आदि सिद्धांत जैनियों के लिए नहीं, संपूर्ण प्राणी मात्र के लिए नहीं ,संपूर्ण विश्व के लिए हैं।

युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने बताया समिति द्वारा महोत्सव में पहुंचने वाले यात्रियों को कुण्डलपुर,बिहार के आस पास तीर्थक्षेत्रों के दर्शन कराये जायेगें। इस महामहोत्सव में जयपुर से अपनी टीम के साथ युवा परिषद् राजस्थान प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष दिलीप जैन एवं संपूर्ण देश के विभिन्न प्रांतो से यात्री पहुंच रहे हैं। उदयभान जैन ने बताया कि 21 अप्रैल को प्रातः 6.00 बजे झंडारोहण,6.30 बजे विशाल रथ यात्रा,7.30 बजे से महामस्तिकाभिषेक प्रारंभ मध्यान 3.00 बजे तक,6.30 बजे कुंडलपुर महोत्सव का उद्घाटन,रात्रि में बिहार सरकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कुंडलपुर महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रथम कलश व शांति धारा सरोज जैन मंगल पांडे नगर, मेरठ, पंचामृत अभिषेक रेणु रजनीश जैन परिवार झिलमिल कॉलोनी, दिल्ली द्वारा किए जाएंगे, कार्यक्रम सहयोगी श्रेयांस जैन आरा (बिहार) होंगे।

## लोकतंत्र के इस त्यौहार में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाकर शत-प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प



खबरों की दुनिया

**भीलवाड़ा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचन विभाग की ओर से चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह (डेमोक्रेसी वीक) के तीसरे दिन शुक्रवार को चिकित्सा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी वॉकथॉन (सर्विस वोटर, राजकीय कर्मचारी) कर्तव्य पथ पर, राष्ट्र हित में थीम के आधार पर मतदाता जागृति रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी एवं एडीपीसी योगेश चंद्र पारीक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने यह जानकारी देकर बताया कि मतदाता जागरूकता रैली महात्मा गांधी राजकीय चिकित्सालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर सूचना केंद्र, गोल प्याऊ चैराहा होते हुए अंबेडकर सर्किल तक पहुंची। रैली के माध्यम से मतदान संबंधी नारे वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है। जागरूक नागरिक की क्या पहचान, सभी करेंगे मतदान, के नारे लगाते हुए सभी बड़े उत्साह के साथ वोट डालने के संदेश को मतदाताओं तक पहुंचाया। रैली पुनः सुभाष मार्केट से होते हुए महात्मा गांधी चिकित्सालय पर आकर समापन हुआ। इसमें विभिन्न राजकीय एवं निजी नर्सिंग विद्यालयों के छात्र-छात्राएं,आंगनबड़ी कार्मिक,आशा सहयोगीनियां, राजीविका कर्मचारियों, तथा जिला प्रशासन के विभिन्न पदाधिकारियों सहित अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की स्वीप टीम के तेजकरण बहेड़िया, सुनीता नानकानी, शिवनारायण ईनाणी, आयुष सैनी,सुनीता जैन, मंजू छीपा,राजकीय नर्सिंग कॉलेज प्रधानाचार्य मीनू यादव, जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र प्रधानाचार्य लोकेश शर्मा,एएनएम नर्सिंग प्रशिक्षण प्रधानाचार्य अरुण कुमार, जिला स्वीप आईकॉन आरू नामा, साहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान समस्त पदाधिकारियों ने भीलवाड़ा जिले में आगामी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाकर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने किया मतदान, मतदाताओं से की अपील



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजस्थान लोकसभा आम चुनाव- 2024 के लिए शुक्रवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गांधी नगर स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 53 पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान गुप्ता ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

## भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने किया मतदान



खबरों की दुनिया

जयपुर। जयपुर शहर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने भी अपने समर्थको के साथ अपने मतदान केन्द्र पर मतदान किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुये भाजपा प्रत्याशी ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुये कहा कि भाजपा राजस्थान में 25 में से 25 सीटे जीतेगी।

# तीन पीढ़ियों के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन



ग्राम बिलोंची के पूर्व सरपंच 90 वर्षीय पंडित दामोदर प्रसाद दोतोलिया ने अपनी तीन पीढ़ीओ के साथ मतदान किया दोतोलिया के साथ उनके पुत्र पुत्रवधु पौत्र पौत्रवधु पौत्री ने मतदान किया।




बंजारा बस्ती बिलोंची के निवासीओ ने पहली बार मतदान किया लोकतंत्र के महोत्सव में भाग लिया।

*लोकसभा चुनाव 2024*

## मेहंदी भरे हाथों पर चढ़ा अमिट स्याही का रंग, जयपुर में मतदान कर दूल्हा-दुल्हन ने निभाई लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी




खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर की दो लोकसभा सीटों पर शुक्रवार सुबह से ही मतदान हुआ। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सूरज की पहली किरण के साथ ही पोलिंग बूथ पर युवा हो या बुजुर्ग मतदाता भारी संख्या में वोट डालने पहुंचे। पोलिंग बूथों पर दुल्हा-दुल्हन भी वोट डालने पहुंचे। चांदपोल पुरानी बस्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरस्वती कुंड में एक दुल्हा अपनी दूल्हन के साथ वोट डालने पहुंचा। मेहंदी भरे हाथों में दूल्हे ने स्याही लगाकर अपना फर्ज निभाया।

वहीं, सांगानेर के महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल इंग्लिश मीडियम मदरामपुर में सजी धजे दूल्हा और दुल्हन पहुंचे। शादी के बाद नव दंपती ने अपना वोट डाला। उन्होंने सभी लोगों से अपील भी की है कि मतदान करने जरूर जाएं।

# 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला का किया सफल बोनमेरो ट्रांसप्लांट

*–चिकित्सको का दावा कि इस उम्र के मरीज का प्रदेश में पहला बोनमेरो ट्रांसप्लांट हुआ*

खबरों की दुनिया




**जयपुर।** एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सको ने ब्लड कैंसर मल्टीपल मायलोमा से जूझ रही 65 वर्षीय बुजुर्ग के सफल बोनमेरो ट्रांसप्लांट कर उसे नया जीवन दिया है। चिकित्सको का दावा है कि ये राजस्थान में इतनी अधिक उम्र में पहला सफल बोनमेरो ट्रांसप्लांट है। हॉस्पिटल के सीनीयर हीमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ आशीष वर्मा सोनी के निर्देशन में हुए इस सफल इलाज के बाद मरीज को डिस्चार्ज किया जा चुका है एवं वह सामान्य जीवन व्यतीत कर रही है।

डॉ. आशीष ने बताया कि मरीज जब आया तो गंभीर हालात में था, उसे मल्टीपल मायलोमा (हड्डियों का कैंसर) था। इसके बाद उसे करीब चार महिने तक कीमोथैरेपी देकर स्थिति पर नियंत्रण किया गया। इसके बाद बोनमेरो ट्रांसप्लांट किया गया, इसमें मरीज की रक्त कोशिकाओं को निकालकर हाई डोज कीमोथैरेपी दिया जाती है, फिर बीमारी कम होने पर फिर से कोशिकाओं को इन्फ्यूज कर दिया जाता है।

हालाकि मरीज की अधिक उम्र के कारण ये बेहद रिस्की था, लेकिन पूरी टीम ने इसे मिलकर सफल बनाया। मरीज को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

डॉ आशीष ने बताया कि अब कैंसर लाईलाज नहीं है, किसी भी स्टेज पर एक्सपर्ट चिकित्सक के निर्देशन में इसका सफल इलाज किया जा सकता है एवं मरीज इलाज के बाद सामान्य जीवन यापन कर सकता है।

# सोशल-डिजिटल-फ़िज़िकल माध्यमों से भाजपा कर रही राष्ट्रनिर्माण : अनुराग ठाकुर



खबरों की दुनिया

**धर्मशाला।** केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत को बताते हुए सोशल- डिजिटल-फ़िज़िकल माध्यमों से भाजपा द्वारा राष्ट्रनिर्माण की बात कही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत उपलब्धियों की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। मोदी सरकार का एजेंडा सशक्त-सक्षम-विकसित भारत है और सोशल-डिजिटल-फ़िज़िकल माध्यमों से भाजपा राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा का संकल्प पत्र केवल एक घोषणापत्र नहीं बल्कि करोड़ों भारतवासियों के सपनों को सिद्ध करने का संकल्प पत्र है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को देश की सेवा करने का अवसर मिला और इस अवसर का पूर्ण उपयोग करते हुए हमने एक 'नए भारत, विकसित भारत' की नींव रखने का कार्य किया है और इसी नींव को आने वाली सदियों के लिए और मज़बूत करने के लिए हम तत्पर हैं। हमारा संकल्प है कि हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनायेंगे जिसके लिए अगले पाँच निश्चित रूप से साल निर्णायक होंगे, आगे बोलते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आज भारत में भाजपा अकेला ऐसा राजनीतिक दल है जिसने जो भी संकल्प लिया उसे सिद्ध भी कर के दिखाया है फिर चाहे वह राम मंदिर हो, आर्टिकल 370 का विषय हो या फिर ट्रिपल तलाक़ हो। हर वो विषय जिसे केवल चुनावों के लिए राजनीतिक दलों द्वारा इस्तेमाल किया जाता था हमने उसे जनता के आशीर्वाद के साथ पूरा कर के दिखाया है। अगले पाँच वर्षों के संकल्प पत्र का उद्देश्य भी इसी प्रकार भारत के भौतिक से लेकर, सामाजिक और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का मज़बूत करना है, अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा भविष्य के कर्णधारों की पीढ़ी को सशक्त करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में भारत में 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्विद्यालय की स्थापना की गई है और इसी प्रकार देश में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि करना भाजपा की प्राथमिकता रहेगी। वरिष्ठ नागरिकों को अब आयुष्मान भारत में जोड़ा जाएगा जिससे उन्हें गुणवत्तायुक्त निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ मिल पायेंगी। इन प्रयासों से देश की सामाजिक अवसंरचना और भी मज़बूत होगी, अनुराग ठाकुर ने कहा पिछला दशक भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के रैपिड डेवलपमेंट का उदाहरण है, यह दशक उदाहरण है कि यदि कुशल नेतृत्व और नेक नीयत हो तो कैसे कम समय में भी बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी दौरान भारतवासियों का परिचय विश्वस्तरीय वन्दे भारत, अमृत भारत और नमो भारत से हुआ है, जैसी तकनीकों का लोग केवल ज़िक्र सुनते थे, उनका उन्होंने विकास और निर्माण अपनी भूमि पर होते हुए देखा है। केवल 10 वर्षों में भारतवासियों ने ऑपरेशनल हवाई अड्डों की संख्या में दोगुनी वृद्धि देखी है। यह भारत की क्षमता का ट्रेलर है। भाजपा ने इस बार राजमार्ग, रेलवे, वायुमार्ग और जलमार्गों को और आधुनिकीकरण से लेस बनाकर कनेक्टिविटी को और मज़बूत करने का संकल्प लिया है जिसे जनता पूरा होते हुए देखना चाहती है, अनुराग ठाकुर ने कहा आज भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मिसाल पूरे विश्वभर में दी जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट/पीआई मॉडल को बड़े-बड़े राष्ट्र अपना रहे हैं। पूरे विश्व में सबसे अधिक किफ़ायती क़ीमतों पर आज भारत में 5जी उपलब्ध है। देशवासियों के जीवन को और सुगम बनाने के लिए पूरे भारत में 5जी और 6जी का विस्तार किया जाएगा भारत नेट के तहत 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को अभी तक जोड़ा जा चुका है और अब प्रत्येक ग्राम पंचायत को ब्रॉडबैंड से जोड़कर हाई स्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराया जाएगा। कॉमन सर्विस सेंटर, ओएनडीसी और टेलीमीडिसिन जैसी फ्यूचरिस्टिक सुविधाओं का विस्तार सभी भारतवासियों के जीवन को और भी सरल बनाएगा।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## गांव में गूंजी सुंदरकांड चौपाइयां



खबरों की दुनिया

**बुगाला।** खुशहाली की कामना के लिए गांव में शुक्रवार से एक दिवसीय अखण्ड सुंदरकांड पाठ शुरू हुआ।
पंडित रविकांत शास्त्री के सानिध्य में पंडित श्रीराम शर्मा, पंडित भवानीशंकर शर्मा, पंडित हेमन्त शर्मा, पंडित निशांत शर्मा ने सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर नन्दकिशोर स्वामी, डॉ. रोहिताश्व शर्मा, दीपक शर्मा, रामावतार स्वामी, अनिल कुमार, सुनील स्वामी, निशांत, बाबूलाल स्वामी, दिवांशु, प्रियांशु, नक्ष मौजूद रहे। शनिवार को पाठ समापन पर हवन आदि होगा। इसके बाद कन्या पूजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# युवा, बुजुर्ग और दिव्यांगो ने उत्साह किया मतदान



खबरों की दुनिया

**चिड़ावा।** लोकसभा चुनाव में शहर में विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया। सुबह से ही लोग मतदान करने के लिए आते रहे। खास बात ये है कि दिव्यांग और बुजुर्गो के साथ ही युवा और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी और एडीएम बृजेश गुप्ता, डीएसपी विकास ढिंढवाल ने शहर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकला स्कूल के मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं को जांचा। इस दौरान महिला और बुजुर्ग मतदाताओं से उन्होंने बात की और बुजुर्ग मतदाताओं को पहले वरीयता से मतदान करवाने के निर्देश मतदानकर्मियों को दिए। उन्होंने पिंक बूथ का भी निरीक्षण किया। यहां बूथ महिला शक्ति केंद्र के रूप में संचालित किया जा रहा था। यहां सभी महिलाकर्मियों का अधिकारियों ने हौसला बढ़ाया। उन्होंने यहां पर लंबी लाइन होने पर मतदाताओं को छाया में बैठने की व्यवस्था के भी निर्देश दिए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



खबरों की दुनिया

**झुंझुनू।** जिले में शुक्रवार को सम्पन्न हुए लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने चार विधानसभा क्षेत्रों की दो दर्जन से भी अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के कार्मिकों को सर्तक रहकर पारदर्शी तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं बीएलओ को मतदाताओं से सम्पर्क कर अधिकाधिक मतदान करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ उपस्थित प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अधिकारियों की ओर से मतदान दलों के संशयों का समाधान भी करवाया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने फर्स्ट टाईम वोटर्स को प्रमाण पत्र देकर हौसला अफजाई की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने झुंझुनू शहर के विभिन्न बूथों के अतिरिक्त आबूसर, दूराना, चतरपुरा, हेतमसर, वाहिदपुरा, मंडावा, जयसिंहपुरा, ढिगाल, बड़ागांव, धोलाखेड़ा, इन्द्रपुरा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## कुलहरी ने वोट के लिए 21 किमी दौड़ लगाई



खबरों की दुनिया


**झुंझुनूं।** आयोजना विभाग के संयुक्त शासन सचिव आईआरएस सुशील कुलहरी ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से अपने गांव तिलोका का बास के मतदान केंद्र तक 21 किलोमीटर की दौड़ लगाकर मतदान किया। इस दौड़ से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। उनके पुत्र यूबी ने साइकल पर उनका साथ दिया। दौड़ को प्रातः पौने छह बजे अपर जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर नवलगढ़ सहायक कलेक्टर हवाई सिंह यादव, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी श्रीचंद माहिच, व्याख्याता सुनील रूलानिया और बड़ी संख्या में स्काउट के बच्चे उपस्थित थे।

## घर से लापता युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंका

### –हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं, एसपी के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम घटित

खबरों की दुनिया

**बूंदी।** जिले के हिंडौली थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का मामला सामने आया है। युवक की हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक के सिर में गंभीर चोट के निशान बताए गए है। सम्भवतः उसी से ही उसकी मौत हुई है। उधर जानकारी करने में सामने आया कि युवक बुधवार शाम से ही घर से लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। युवक का अगले दिन सुबह कुएं में शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवक के साथ पहले गंभीर रूप मारपीट की गई और बाद में उसको लहूलुहान हालत में हाइवे से 5 फीट दूर एक कुएं में फेंक दिया। मृतक युवक तालाब गांव निवासी



25 वर्षीय आबिद हुसैन पुत्र अलाउद्दीन था। जिसका शव शोला की झोपड़िया नेशनल हाइवे 148-डी के पास लहूलुहान हालात में कुएं में मिला था। सुबह कुछ ग्रामीण कुएं के पास से निकले तो मृतक का मोबाइल बज रहा था। ग्रामीणों ने मोबाइल रिसीव किया और उसके परिजनों को पूरे हालात बताए। इसके बाद उसके परिजन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। उधर
हिंडोली पुलिस को सौंपी रिपोर्ट में मृतक के परिजनों ने बताया कि आबिद घर में ट्रक का पूरा कामकाज देखता था। बुधवार शाम 7 बजे वह घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला था और वापस नहीं लौटा। तब से ही उसको परिजन लगातार ढूंढ रहे थे और उसका मोबाइल भी लगा रहे थे। लेकिन आबिद ने मोबाइल कॉल रिसीव नहीं किया तो उन्हें चिंता हो गई।इसके बाद पत्नी, भाई समेत पूरा परिवार रातभर उसको इधर से उधर तलाशते रहे। लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद गुरुवार सुबह सवा 7 बजे किसी ग्रामीण ने आबिद का मोबाइल अटैंड किया और हालात हमें बताए। हमारा परिवार ग्रामीणों के साथ शोला की झोपड़िया गांव के पास मौके पर पहुंचे। मृतक की मोटरसाइकिल सड़क के सहारे खड़ी थी और उसकी लाश कुएं में पड़ी हुई थी। आबिद के मोजे, जूते और मोबाइल कुएं के पास बाहर पड़े थे। इसी मोबाइल को ग्रामीणों ने अटेंड कर परिजनों को जानकारी दी थी। आबिद की बाइक की चाबी भी मौके पर ही पड़ी हुई मिली। वही हिंडोली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया की मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया है। मृतक के सिर में गंभीर चोट होने से मौत हुई और उसके गले में भी रस्सी के निशान मिले हैं। कई जगह गंभीर चोटों के निशान थे। मौत के कारणों की जांच की जा रही है आरोपी जल्द गिरफ्त में होंगे।

## बबाई के ग्राम विकास अधिकारी को किया निलंबित

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान दिवस के दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में ग्रामीण मतदान केन्द्रो पर आवश्यक व्यवस्थाएं यथा विद्युत फिटिंग, स्विच बोर्ड, कक्षो में पंखो की व्यवस्था एवं सम्पूर्ण मतदान केन्द्र परिसर में समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए संबंधित ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया। गुरुवार को बबाई के मतदान केंद्र पर मतदान दल पहुंचा तो वहां पर इन सुविधाओं का अभाव मिला, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने बबाई के ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र माण्डिया को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया। गौरतलब है कि इस संबंध में जिला कलक्टर नीमकाथाना द्वारा 17.04.2024 को मतदान केन्द्रो के निरीक्षण के द्वौरान माण्डिया को मौखिक रूप से निर्देशित किया गया था। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) खेतड़ी ने भी अपने पत्रांक 279 दिनांक 18.04.2024 के द्वारा माण्डिया को उक्त व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया था। निलम्बन काल के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय जिला परिषद रहेगा।

### वैब कस्टिंग के माध्यम से भी की गई मॉनिटरिंग

खबरों की दुनिया

**झुंझुनू।** लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले के 875 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की गई थी, जिसके तहत पिलानी के 120, सूरजगढ़ के 147, झुंझुनू के 129, मंडावा के 128, नवलगढ़ के 130, उदयपुरवाटी के 116 एवं खेतडी विधानसभा क्षेत्र के 105 मतदान केन्द्र शामिल रहे। डी.ओ.आई.टी. के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित विभागीय कार्यालय में मतदान केन्द्रों पर लगातार नजर रखी गई थी।

### थीमों पर सजे मतदान केन्द्र रहे आकर्षण का केन्द्र

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिले में शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। जिले में 1750 मतदान केन्द्र बनाएं गए थे, जिनमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 10-10 मतदान केन्द्रों को अलग-अलग थीमों पर सजाया गया था। जिला प्रशासन की ओर से मतदान केन्द्रों को आर्मी, ग्रीन, शेखावाटी कल्चर एवं स्पोर्टस थीम पर सजाया गया था, जिसके लिए लोगों ने जिला प्रशासन के नवाचार की तारिफ की। इसी प्रकार जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 महिला एवं युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र तथा 1-1 दिव्यांग प्रबंधित मतदान केन्द्र संचालित किए गए थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

खबरों की दुनिया

**बूंदी।** जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से देर रात बूंदी की तरफ आ रहे थे। गोविंदपुर बावड़ी के पास स्पीड ब्रेकर पर दोनों उछल गए और बाइक पेड़ से टकराई गई। दुर्घटना में यतेंद्र नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी कुलदीप की इलाज के दौरान मौत हुई। दोनों शवों को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया है।

## शिविर में 120 लोग लाभान्वित



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के तत्वाधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में लगाया गया। शिविर में 120 रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।
कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चैयरमेन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, जोन ट्रेजरार शिव प्रसाद महर्षि व डॉक्टर्स की टीम ने सेवाएं दी।

## राजस्थान स्काउट गाइड ने की मतदाताओं की निस्वार्थ सेवा



खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दिव्यांग व वृद्धजनो को सुगम मतदान के लिए लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता बूथ पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के दो-दो स्काउट गाइड, छात्र छात्राओं द्वारा साइनेज के रूप में कार्य किया गया। सुविधा प्रकोष्ठ के सहायक प्रभारी एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मंडावा में 512, झुंझुनू में 516 ,खेतड़ी में 420, उदयपुरवाटी में 464, सूरजगढ़ में 588, नवलगढ़ में 522, पिलाने में 478 इस प्रकार 3500 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने सुगम मतदान में सहयोग देते हुए बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में कार्य किया। जिसके अंतर्गत वृद्धजनों, दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक ले जाना, मतदाताओं को छायादार स्थान पर बैठाना, पानी पिलाना, मतदान बूथ की जानकारी देना, निशक्त मातदाताओ को व्हील चेयर पर बूथ तक लाना जैसे कार्यों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य किया। मतदान केंद्रों पर स्काउट्स गाइड्स ने पूरी मुस्तेदी के साथ निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। सीओ स्काउट

### जिला प्रशासन ने सुगम की दिव्यांगों के मतदान की राह

खबरों की दुनिया

**झुंझुनूं।** लोकसभा आम चुनाव के तहत जिला प्रशासन की ओर से इस बार दिव्यांगों के लिए विशेष इंतेजाम किए गए थे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत पहले होम वोटिंग के दौरान 40 फीसदी से अधिक निशक्तता वाले दिव्यांगजनों को होम वोटिंग चुनने का विकल्प दिया गया था, जिसके तहत जिले में कुल 855 दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की थी। दिव्यांग मतदाता प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक पवन पूनिया ने बताया कि होम वोटिंग नहीं चुनने वाले दिव्यांगजनों को मतदान में कोई असुविधा नहीं हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में कुल 63 वाहन दिव्यांग मतदाताओं को बूथ पर लाकर मतदान करवाने के लिए तैनात किए थे। जिले में कुल 520 व्हील चेयर्स मतदान बूथों पर रखवाई गई थी, वहीं 80 व्हील चेयर्स रिजर्व में रखी गई थी।

## पहले मतदान-फिर रक्तदान-उसके बाद जलपान

### –आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रक्तवीर गिरीश गुप्ता ने 69 वीं बार रक्तदान किया।

खबरों की दुनिया

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अलवर द्वारा आमजन को मतदान के प्रति जागरूक अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया था जिसमें प्रशासनिक अधिकारियो के साथ-साथ समाज सेवी संस्थाओ, एन.जी.ओ., क्लब्स के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया था। उस मीटिंग में मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर एवं अलवर शहर के जाने माने रक्तवीर गिरीश गुप्ता-चेयरमैन सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर ब्रांच ने भी भाग लिया था।
गिरीश गुप्ता ने बताया कि आज 19 अप्रैल 2024 को 18 वीं लोकसभा चुनावो में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया था। वहीं आज 19 अप्रैल 2024 को स्वयं गिरीश गुप्ता ने मतदान केन्द्र पर जाकर अपने माता गंगा गुप्ता, पत्नी यामिनी गुप्ता, भाई हेमन्त गुप्ता, भाभी अनीता गुप्ता, भतीजा




मोहक गुप्ता, बहन शकुन गुप्ता, बहनोई मिट्ठन लाल गुप्ता, छोटी बहन प्रमिला गुप्ता, बहनोई रामप्रकाश गुप्ता के साथ लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र बनाने में सहयोग दिया। वही मतदान के पश्चात अपने जीवन का 69 बार स्वेच्छिक रक्तदान कर आमजन को सन्देश दिया। 'पहले मतदान-फिर रक्तदान-उसके बाद जलपान'। इसके पीछे उनका उद्देश्य सिर्फ युवाओं को मतदान एवं रक्तदान दोनों के लिए प्रेरित करना था।
गिरीश गुप्ता ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी ब्लड बैंको में हर रक्तदान करने वाले को सर्टिफिकेट दिया गया। जिस पर स्लोगन लिखा था रक्तदान अवश्य करे-रक्तदान अवश्य करे। साथ ही सर्टिफिकेट के नीचे लाइन में मतदान की तिथि एवं समय लिखा हुआ था। वहीं लायंस क्लब अलवर मत्स्य के पास्ट प्रेसिडेंट होने के नाते लायंस क्लब अलवर मत्स्य की तरफ से हर वाहन पर स्टीकर लगवाकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वही स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप राजस्थान के स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर होने के नाते कम्पनी बाग़ में हस्ताक्षर अभियान करवाकर बड़ी संख्या में मतदान के प्रति आमजन को जागरूक किया जिसका उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं आई.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल, डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन शशि गोयल , राजस्थान स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप के अध्यक्ष हरीश कालरा जी ने अपने हस्ताक्षर करके किया।

### तेज रफ्तार बस ने बाइक को रौंदा बाइक सवार 2 युवकों की मौत

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शादी समारोह में जाते समय गुरूवार को बाइक सवार युवको को बारात की बस ने सामने से ज़ोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। हादसा गांधी सागर के फ्लोटिंग फेस्टिवल गेट के पास गुरुवार रात हुआ। सहायक उपनिरीक्षक दौलत सिंह ने बताया कि रावतभाटा से एक बाइक पर सवार दोनों युवक गांधीसागर की ओर जा रहे थे। इस दौरान गांधी सागर के फ्लोटिंग फेस्टिवल गेट के पास सामने से आ रही बस से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में रावतभाटा चारण बस्ती निवासी शंकर चारण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लक्ष्मण चारण को भानपुरा अस्पताल ले जाते समय मौत हुई । घटना के बाद मौके पर पहुंची गांधीसागर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्चुयूरी में रखवाया। शुक्रवार सुबह परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमॉर्टम हुआ।

## सोनू को घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकाली



खबरों की दुनिया

**सूरजगढ़।** गांधी कृषि फार्म कुम्हारों का बास में गांधी परिवार की बेटी सोनू कुमारी को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली। बजरंगलाल गांधी की सुपोत्री व राजेंद्र कुमार गांधी की सुपुत्री सोनू कुमारी की 21 अप्रैल की शादी है। इसी संदर्भ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी के घर से बेटी के सम्मान में सोनू को घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य चांदकौर, उप सरपंच राकेश कुमार, राम सिंह, राजेंद्र कुमार, किरण देवी, मनी देवी, सुनील, विकास कुमार, सतीश कुमार, संजय, रवि कुमार, दिनेश, अमित कुमार, सुनीता, सुमन, पिंकी, अंजू गांधी, चमेली, भतेरी, पूनम, किरण, अंजू, पूजा, बृजेश, सरिता, सुनीता देवी, शबनम, तनिष्का, हर्षिता, इशांत, शुभम, माहिर, लक्ष्य, लक्षिता, हर्ष आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

